दिनांक–01.05.2024

समय–7.10एएम

## प्रादेशिक समाचार
## आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार :–

- मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्धेश्य से आज से तीसरे चरण के सभी मतदान केन्द्रों पर चलें बूथ की ओर अभियान की शुरूआत।
- शतप्रतिशत मतदान के उद्धेश्य से प्रदेश में जनजागरूकता कार्यक्रमों का सिलसिला जारी।
- प्रदेश में लोकसभा चुनाव की बाकी बची 17 सीटों के लिए चुनाव प्रचार चरम पर।
- आईपीएल में लखनऊ ने मुबंई को चार विकेट से हराया। आज चैन्नई और पंजाब के बीच मुकाबला।

### चलें बूथ की ओर–अभियान

लोकसभा चुनावों के तीसरे और चौथे चरण में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य के साथ आज से राज्य निर्वाचन आयोग चले बूथ की ओर अभियान की शुरुआत करने जा रहा है। तीसरे चरण वाली लोकसभा सीट के सभी मतदान केन्द्रों में यह अभियान चलाया जायेगा। वही चौथे चरण के लिये यह अभियान 7 मई से शुरू होगा। तीसरे चरण में नौ लोकसभा क्षेत्रों में 20 हजार 456 मतदान केंद्रों पर यह अभियान शुरू होगा। इसमें बैतूल, मुरैना, भिंड, ग्वालियर, गुना, सागर, विदिशा, भोपाल और राजगढ़ लोकसभा क्षेत्र शामिल हैं। जबकि चौथे चरण में आठ लोकसभा क्षेत्रों में 13 मई को मतदान होना है। इनके 18 हजार 7 मतदान केन्द्रों पर सात मई से यह अभियान चलाया जाएगा। इसमें देवास, उज्जैन, मंदसौर, रतलाम, धार, इंदौर, खरगोन, खंडवा लोकसभा क्षेत्र शामिल हैं। इस दौरान बीएलओ द्वारा मतदाता सूची का वाचन एवं मतदाता पर्ची का वितरण, सेक्टर अधिकारी द्वारा मतदाता पर्ची का सत्यापन और ऐसे दिव्यांग एवं वृद्ध मतदाता, जो मतदान केन्द्र पर उपस्थित होकर मतदान करेंगे, उन्हें मतदान केन्द्र तक लाने के लिये मेन–टू–मेन मार्किंग की जायेगी। मतदान केन्द्रों पर स्थानीय खेल प्रतियोगिता, मानव श्रृंखला, महिला रैली, रंगोली प्रतियोगिता, स्थानीय नागरिकों को शपथ, नुक्कड़ नाटक, साईकिल रैली जैसी गतिविधियां आयोजित की जायेंगी।

इसको लेकर खण्डवा जिले की हरसूद विधानसभा के प्रत्येक मतदान केन्द्र पर कई गतिविधियां होगी, साथ ही महाविद्यालयों/विद्यालयों के केम्पस अम्बेसडर एवं इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब के माध्यम से, घर–घर पीले चावल देकर आमंत्रित करने के कार्यक्रम होंगे। इंदौर जिले के सभी ग्राम और वार्ड में एक साथ मतदान केन्द्रों तक प्रातः 10 से 11 बजे तक बूथ मार्च निकाला जायेगा। जिसमें स्थानीय नागरिक, विभिन्न विभागों के कर्मचारी एवं विद्यार्थियों को सम्मिलित किया जायेगा। गुना में इस संबंध में कल कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बैठक कर मतदान केन्द्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं करने को कहा है।

### मतदाता जागरुकता–प्रदेश

प्रदेश में मतदाता जागरुकता के कार्यक्रम लगातार जारी है।
बैतूल में मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से मैराथन का आयोजन किया गया। पुलिस ग्राउंड से शुरू मैराथन में कई अधिकारियों कर्मचारियों और आम लोगों ने हिस्सा लिया। इंदौर जिले में स्वीप अभियान के अंतर्गत सभी मतदान केन्द्रों पर बूथ लेवल अधिकारियों के साथ वालंटियरर्स भी तैनात किये जा रहे है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि शहरी क्षेत्र के मतदान बूथों पर न्यूनतम 75 प्रतिशत से अधिक तथा ग्रामीण क्षेत्रों में न्यूनतम 80 प्रतिशत मतदान का लक्ष्य रखा गया है। मतदान का लक्ष्य हासिल करने वाले ऐसे सभी बीएलओ को 5 हजार रुपये की पारितोषिक राशि के रूप भी दी जायेगी। श्योपुर मे कल बाईक रैली तथा 04 मई को रन फॉर डेमोक्रेसी का आयोजन किया जा रहा है। वहीं मंदसौर में कल पीजी कॉलेज ग्राउंड में 13 मई मंदसौर वोट करेगा की थीम पर लोकतंत्र का आकाशदीप कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस आकाशदीप कार्यक्रम में सभी विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों, स्कूल के बच्चों, आम जनता, जागरूक मतदाताओं ने भाग लिया। खण्डवा के जिमखाना खेल मैदान में पत्रकार इलेवन एवं जिला प्रशासन के मध्य क्रिकेट मैच आयोजित हुआ। रायसेन के

गवोईपुरा में कल घर घर जाकर किया मतदान पर्ची का वितरण बीएलओ ने मतदाताओं को किया मतदान के लिए प्रेरित किया गया।

चुनाव आयोग समीक्षा–प्रदेश

भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने कल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये तीसरे चरण में मतदान वाले सभी लोकसभा संसदीय क्षेत्रों में नियुक्त केन्द्रीय प्रेक्षकों से चर्चा कर मतदान तैयारियों की समीक्षा की। श्री कुमार ने कहा कि तीसरे और चौथे चरण में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिये अतिरिक्त प्रयास किये जाएं। मतदाताओं से सीधा सम्पर्क कर उन्हें वोट करने के लिये प्रेरित करें और उनकी सुविधाओं के व्यापक इंतजाम भी करें। वहीं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने मुरैना एवं राजगढ़ लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षकों से चर्चा कर सभी तैयारियों की सिलसिलेवार जानकारी ली गई। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन ने आयोग को अवगत कराया कि प्रदेश में बीएलओ द्वारा डोर–टू–डोर वोटर पर्ची बांटकर मतदाताओं से व्यक्तिगत सम्पर्क कर उनसे वोट करने की अपील की जा रही है। मतदान केन्द्रों में "चलें बूथ की ओर" अभियान चलाया जा रहा है। तीसरे और चौथे चरण में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिये मतदाताओं की जरूरत के अनुसार हर मतदान केन्द्र में पेयजल, रौशनी, रैम्प, बैंचेस, सुविधा घर और छाया के लिये शामियाना आदि की व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

चुनाव प्रचार–प्रदेश

प्रदेश में चुनाव प्रचार चरम पर पहुंच गया है। आज मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव सागर लोकसभा की बीना और खुरई में जनसभा को सम्बोधित करेंगे, दोपहर में भिण्ड लोकसभा के लहार में जनसभा करेंगे। शाम को मुख्यमंत्री ग्वालियर लोकसभा के मेहगांव और चिनोर में जनसभा को सम्बोधित करेंगे। वहीं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, राज्यसभा सदस्य विवेक तन्खा एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव आज खातेगांव, नसरुल्लागंज, औबेदुल्लागंज एवं मंडीदीप में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

_ जनता की आवाज–आकाशवाणी के साथ

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी मध्यप्रदेश द्वारा लोकसभा चुनावों में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए 'जनता की आवाज–आकाशवाणी के साथ, नामक एक ख़ास कार्यक्रम शुरू किया है... इसमें हम आम लोगों द्वारा मतदान के लिए की जा रही अपील को शामिल कर रहे हैं, जिससे अन्य श्रोता भी मतदान के लिए प्रेरित हो। आप भी अपनी आवाज़ में मतदान के महत्व पर केन्द्रित अधिकतम 40 सेकेण्ड का एक बढ़िया सा वीडियो सन्देश रिकार्ड करिए और हमारे ँिजे ।चच नंबर 94065 23035 पर अपने नाम और निवास स्थान के नाम के साथ भेज दीजिए। हम आपके संदेशों को प्रतिदिन समाचारों के साथ प्रसारित करेंगे...और हाँ, आप भी मतदान अवश्य करिए।

प्रदेश की प्रमुख लोकसभा सीटों की श्रृंखला में आइए आज बात करते हैं विदिशा लोकसभा सीट के बारे में।

*प्रदेश की विदिशा लोकसभा सीट हमेशा से चर्चा में रही है। विदिशा संसदीय क्षेत्र में स्थित सांची के स्तूप ऐतिहासिक और आध्यात्मिक रूप से दुनिया के कई देशों तक अपनी पहचान बनाए हुए हैं। यह भाजपा के लिए सुरक्षित सीट भी मानी जाती रही है। वरिष्ठ भाजपा नेता सुषमा स्वराज और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी भी विदिशा का प्रतिनिधित्व भी कर चुके हैं। विदिशा में कुल 13 उम्मीदवार मैदान में हैं. हालाँकि मुख्य मुकाबला भाजपा उम्मीदवार और पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और कांग्रेस के प्रताप भानु शर्मा के बीच है। विदिशा लोकसभा क्षेत्र में 19 लाख 38 हजार से ज्यादा वोटर हैं। इनमें 10 लाख से ज्यादा पुरुष और 9 लाख 34 हजार से ज्यादा महिला वोटर हैं। विदिशा लोकसभा सीट में आठ विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं. इनमें से सात भाजपा और एक कांग्रेस के पास है। पिछले चुनाव की बात की जाए तो 2019 में भाजपा के रमाकांत भार्गव ने कांग्रेस के शैलेंद्र पटेल को करीब 5 लाख वोटों के अंतर से हराया था. मौजूदा चुनाव में भी ज्यादा बदलाव की उम्मीद नहीं है।*

आईपीएल क्रिकेट

आईपीएल क्रिकेट के लीग मैच में लखनऊ सुपर जाइंट्स ने मुंबई इंडियंस को चार विकेट से हरा दिया है। लखनऊ सुपर जाइंट्स ने 145 रन का लक्ष्य, चार गेंद शेष रहते ही छह विकेट खोकर हासिल कर लिया। उसकी ओर से मार्कस स्टोइनिस ने 45 गेंदों में 62 रन बनाए।

इस जीत के साथ लखनऊ सुपर जाइंट्स अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है, जबकि मुंबई इंडियंस नौवें स्थान पर है।

आईपीएल में आज चेन्नई के एमए चिदम्बरम स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स का मुकाबला पंजाब किंग्स से होगा।

राष्ट्रपति अयोध्या दौरा

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज शाम अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर जाएंगी। राम मंदिर अभिषेक समारोह के बाद राम–जन्मभूमि की यह उनकी पहली यात्रा है। राष्ट्रपति मुर्मु शाम को हनुमानगढी भी जाएंगी और सरयू आरती में शामिल होंगी। राष्ट्रपति की यात्रा को देखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- मप्र पुलिस के स्पेशल डीजी पुरुषोत्तम शर्मा कल सेवानिवृत्त हो गए। उनकी जगह एडीजी (प्रशिक्षण) अनुराधा शंकर सिंह को पदोन्नत करते हुए स्पेशल डीजी नियुक्त किया गया है। इस संबंध में गृह विभाग ने कल आदेश जारी कर दिया है।
- मंत्रालय स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल पार्क में राष्ट्र–गीत "वंदे–मातरम" एवं राष्ट्र–गान "जन–गण–मन" का सामूहिक गायन आज प्रातः 11 बजे किया जाएगा। इसमें मंत्रालय सहित सतपुड़ा एवं विंध्याचल भवन के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहेंगे।
- शिवपुरी जिला प्रशासन द्वारा आदतन अपराधियों के विरूद्ध की जा रही कार्यवाही में 12 आदतन अपराधियों को जिलाबदर घोषित कर दिया है।
- रायसेन के सांची मार्ग पर स्थित जिला न्यायालय सभाकक्ष में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विशेष न्यायाधीश ऊषा गेडाम की अध्यक्षता में 11 मई को होने वाली नेशनल लोक अदालत के संबंध में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।
- श्रमिक दिवस के मौके पर आज 1 मई को आगरमालवा स्थित कृषि उपज मंडी में नीलामी कार्य बंद रहेगा। इसलिये जिले के किसानों से अपनी उपज मंडी में नही लाने को कहा गया है।

———————————————

**न्यूज फॉर हिन्दी वैब -**

;1द्ध **लोकसभा सीट-विदिशा**

**प्रदेश की प्रमुख लोकसभा सीटों की श्रृंखला में आइए आज बात करते हैं विदिशा लोकसभा सीट के बारे में।**

**वीसी-संजीव शर्मा**

**प्रदेश की विदिशा लोकसभा सीट हमेशा से चर्चा में रही है। विदिशा संसदीय क्षेत्र में स्थित सांची के स्तूप ऐतिहासिक और आध्यात्मिक रूप से दुनिया के कई देशों तक अपनी पहचान बनाए हुए हैं। यह भाजपा के लिए सुरक्षित सीट भी मानी जाती रही है। वरिष्ठ भाजपा नेता सुषमा स्वराज और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी भी विदिशा का प्रतिनिधित्व भी कर चुके हैं। विदिशा में कुल 13 उम्मीदवार मैदान में हैं. हालाँकि मुख्य मुकाबला भाजपा उम्मीदवार और पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और कांग्रेस के प्रताप भानु**

शर्मा के बीच है। विदिशा लोकसभा क्षेत्र में 19 लाख 38 हजार से ज्यादा वोटर हैं। इनमें 10 लाख से ज्यादा पुरुष और 9 लाख 34 हजार से ज्यादा महिला वोटर हैं। विदिशा लोकसभा सीट में आठ विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं. इनमें से सात भाजपा और एक कांग्रेस के पास है। पिछले चुनाव की बात की जाए तो 2019 में भाजपा के रमाकांत भार्गव ने कांग्रेस के शैलेंद्र पटेल को करीब 5 लाख वोटों के अंतर से हराया था. मौजूदा चुनाव में भी ज्यादा बदलाव की उम्मीद नहीं है।

.संजीव शर्माए आकाशवाणी समाचारएभोपाल

;2द्ध चलें बूथ की ओर-अभियान

लोकसभा चुनावों के तीसरे और चौथे चरण में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य के साथ आज से राज्य निर्वाचन आयोग चले बूथ की ओर अभियान की शुरुआत करने जा रहा है। तीसरे चरण वाली लोकसभा सीट के सभी मतदान केन्द्रों में यह अभियान चलाया जायेगा। वही चौथे चरण के लिये यह अभियान 7 मई से शुरू होगा। तीसरे चरण में नौ लोकसभा क्षेत्रों में 20 हजार 456 मतदान केंद्रों पर यह अभियान शुरू होगा। इसमें बैतूलए मुरैनाए भिंडए ग्वालियरए गुनाए सागरए विदिशाए भोपाल और राजगढ़ लोकसभा क्षेत्र शामिल हैं। जबकि चौथे चरण में आठ लोकसभा क्षेत्रों में 13 मई को मतदान होना है। इनके 18 हजार 7 मतदान केन्द्रों पर सात मई से यह अभियान चलाया जाएगा। इसमें देवासए उज्जैनए मंदसौरए रतलामए धारए इंदौरए खरगोनए खंडवा लोकसभा क्षेत्र शामिल हैं। इस दौरान बीएलओ द्वारा मतदाता सूची का वाचन एवं मतदाता पर्ची का वितरणए सेक्टर अधिकारी द्वारा मतदाता पर्ची का सत्यापन और ऐसे दिव्यांग एवं वृद्ध मतदाताए जो मतदान केन्द्र पर उपस्थित होकर मतदान करेंगेए उन्हें मतदान केन्द्र तक लाने के लिये मेन-टू-मेन मार्किंग की जायेगी। मतदान केन्द्रों पर स्थानीय खेल प्रतियोगिताए मानव श्रृंखलाए महिला रैलीए रंगोली प्रतियोगिताए स्थानीय नागरिकों को शपथए नुक्कड़ नाटकए साईकिल रैली जैसी गतिविधियां आयोजित की जायेंगी। इसको लेकर खण्डवा जिले की हरसूद विधानसभा के प्रत्येक मतदान केन्द्र पर कई गतिविधियां होगीए साथ ही महाविद्यालयों/विद्यालयों के केम्पस अम्बेसडर एवं इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब के माध्यम सेए घर-घर पीले चावल देकर आमंत्रित करने के कार्यक्रम होंगे। इंदौर जिले के सभी ग्राम और वार्ड में एक साथ मतदान केन्द्रों तक प्रातः 10 से 11 बजे तक बूथ मार्च निकाला जायेगा। जिसमें स्थानीय नागरिकए विभिन्न विभागों के कर्मचारी एवं विद्यार्थियों को सम्मिलित किया जायेगा। गुना में इस

संबंध में कल कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बैठक कर मतदान केन्द्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं करने को कहा है।

;3द्ध चुनाव प्रचार- प्रदेश

प्रदेश में चुनाव प्रचार चरम पर पहुंच गया है। आज मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव सागर लोकसभा की बीना और खुरई में जनसभा को सम्बोधित करेंगेए दोपहर में भिण्ड लोकसभा के लहार में जनसभा करेंगे। शाम को मुख्यमंत्री ग्वालियर लोकसभा के मेहगांव और चिनोर में जनसभा को सम्बोधित करेंगे। वहीं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारीए राज्यसभा सदस्य विवेक तन्खा एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव आज खातेगांवए नसरुल्लागंजए औबेदुल्लागंज एवं मंडीदीप में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

;4द्ध मतदाता जागरुकता- प्रदेश

प्रदेश में मतदाता जागरुकता के कार्यक्रम लगातार जारी है। बैतूल में मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से मैराथन का आयोजन किया गया। पुलिस ग्राउंड से शुरू मैराथन में कई अधिकारियों कर्मचारियों और आम लोगों ने हिस्सा लिया। इंदौर जिले में स्वीप अभियान के अंतर्गत सभी मतदान केन्द्रों पर बूथ लेवल अधिकारियों के साथ वालंटियरर्स भी तैनात किये जा रहे है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि शहरी क्षेत्र के मतदान बूथों पर न्यूनतम 75 प्रतिशत से अधिक तथा ग्रामीण क्षेत्रों में न्यूनतम 80 प्रतिशत मतदान का लक्ष्य रखा गया है। मतदान का लक्ष्य हासिल करने वाले ऐसे सभी बीएलओ को 5 हजार रुपये की पारितोषिक राशि के रूप भी दी जायेगी। श्योपुर मे कल बाईक रैली तथा 04 मई को रन फॉर डेमोक्रेसी का आयोजन किया जा रहा है। वहीं मंदसौर में कल पीजी कॉलेज ग्राउंड में 13 मई मंदसौर वोट करेगा की थीम पर लोकतंत्र का आकाशदीप कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस आकाशदीप कार्यक्रम में सभी विभाग के अधिकारियोंए कर्मचारियोंए स्कूल के बच्चोंए आम जनताए जागरूक मतदाताओं ने भाग लिया। खण्डवा के जिमखाना खेल मैदान में पत्रकार इलेवन एवं जिला प्रशासन के मध्य क्रिकेट मैच आयोजित हुआ। रायसेन के गवोईपुरा में कल घर घर जाकर किया मतदान पर्ची का वितरण बीएलओ ने मतदाताओं को किया मतदान के लिए प्रेरित किया गया।

-----------------------